CAREERINDIA

SL. No. : DD

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 50 ]
Total No. of Questions : 50 ]

**CCE RF REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ: **06-H**  **Code No. : 06-H**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : First Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh )**

ದಿನಾಂಕ : 23. 03. 2018 ]  [ Date : 23. 03. 2018

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ-12-30 ರವರೆಗೆ ]  [ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ]  [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 50 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**

www.careerindia.com

CAREERINDIA



## विभाग "A"

### गद्य, पद्य, पोषक अध्ययन - ( 67 अंक )

I. निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 11 × 1 = 11

1. सत् चित् आनंद कौन है ?
2. नेटाल इंडियन कांग्रेस की स्थापना किसने की ?
3. चतुर वैद्य विष का उपयोग कैसे करता है ?
4. सिपाही ने बच्चे को क्यों चूमकर पुचकारा ?
5. दरबारी भ्रष्टाचार क्यों देख नहीं सके ?
6. शीला अग्रवाल कहाँ काम करती थी ?
7. सबसे पहले गोली किसे लगी ?
8. प्रति पग पर किसमें दृढ़ निश्चय रखना है ?
9. ज्योतिषी ने नेपोलियन से क्या कहा ?
10. परिश्रम करनेवाले क्या-क्या कर सकते हैं ?
11. प्रकृति का जादू किसे कहा गया है ?

II. निम्न प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 9 × 2 = 18

12. गाँधीजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए ।
13. पैरों में कील चुभने पर भी रवीन्द्रनाथ क्यों चुप रहे ?
14. लोकगीतों का भाव और भाषा के बारे में लिखिए ।
15. पुरानी रूसी साहित्य में लेखक ने क्या पढ़ा था ?
16. रवीन्द्रजी की कविता पढ़कर ( मैना के बारे में ) लेखक ने कैसा भाव व्यक्त किया ?
17. सामाजिक कुरीतियों को किस तरह मिटाना चाहिए ?
18. अनदेखे अरूप ने प्यार को कैसे वापस लौटाने की बात कही ?
19. स्काउट और गाइड के प्रमुख नियम क्या हैं ?
20. 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कहावत का क्या अर्थ है ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



III. निम्न वाक्यों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 4 × 3 = 12

21. "लंका सीता की रुष्टि-तुष्टि से नहीं बल्कि मेरी रुष्टि-तुष्टि से जली थी, मैं विभीषण पर प्रसन्न था ।"

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

22. "उसे देखा नहीं जा सकता, अनुभव किया जा सकता है ।"

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

23. "आदमी जो है, इतनी अकल कहाँ ?"

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

24. यह संसार मनुष्य के लिए एक परीक्षा स्थल है
दुःख है प्रश्न कठोर, देखकर होती बुद्धि विकल है ।
किन्तु आत्म-बल विज्ञ सत्पुरुष ठीक पहुँच अटकल से
हल करते हैं प्रश्न सहज में अविरल मेधा बल से ।

i) कविता का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) व्याख्या :

IV. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए : 2 × 3 = 6

25. जैनेन्द्र :

i) जन्म-काल :

ii) कृतियाँ :

iii) अन्य जानकारियाँ :

26. डॉ० इकबाल :

i) जन्म-काल :

ii) अन्य जानकारियाँ :

www.careerindia.com

CAREERINDIA



V. निम्नलिखित पद्य भाग की पूर्ति कीजिए : 4

( कवि और कविता के नाम के साथ )

27. मधुर वचन ........................................................................................ ।

........................................................................................ कह देत ॥

**अथवा**

जो गरीब ........................................................................................

........................................................................................ जोग ।

VI. निम्नलिखित पद्य भाग का सारांश लिखिए : 4

( कवि और कविता के नाम के साथ )

28. अज्ञानियों से स्नेह करना
मानो पत्थर से चिन्गारी निकालना है
ज्ञानियों का संग करना
मानो दही मथकर माखन पाना है ।
हे चेन्नमल्लिकार्जुन प्रभु
तुम्हारे भक्तों का संग करना
मानों कपूरगिरी की ज्योति को पाना है ।

**अथवा**

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न है ।
प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं,
शीत से बचने जीर्ण वस्त्र है
सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,
हे चेन्नमल्लिकार्जुन प्रभु
मेरा आत्म सखा तू ही है ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **छः-सात** वाक्यों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

29. लाला झाऊलाल छत पर क्यों टहल रहे थे और पंडित बिलवासीजी को अपनी कौन-सी विपदा सुनाई ?

**अथवा**

लोटा खरीदने का हक किसे है और क्यों ?

30. कर्नाटक एकीकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटरावजी ने क्या-क्या किया ?

**अथवा**

वेंकटराव के जीवन में नया मोड़ कैसे आया ?

VIII. निम्न प्रश्न का उत्तर **छः -सात** वाक्यों में लिखिए : 4

31. पुरुषोत्तम के चरित्र पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

लेखक की राय में सच्चा धर्म क्या है ?

## विभाग "B"

## व्याकरण, अलंकार, छन्द - ( 20 अंक )

IX. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $10 \times 1 = 10$

32. 'गरमाहट' रेखांकित शब्दांश क्या है ?

(A) उपसर्ग (B) प्रत्यय

(C) क्रिया (D) धातु ।

33. 'राष्ट्रभाषा' में निहित समास है

(A) तत्पुरुष (B) द्विगु

(C) कर्मधारय (D) द्वन्द्व ।

34. 'लिखना' किस क्रिया का प्रथम प्रेरणार्थ क्रिया रूप है ?

(A) लिख (B) लिखाना

(C) लिखवाना (D) लिखना ।

35. 'निडर' शब्द का विलोम शब्द है

(A) नीडर (B) निर्भय

(C) भयंकर (D) डरपोक ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



36. कुछ घंटों .............. बात है । इसमें निहित कारक है

(A) का (B) की

(C) के (D) में ।

37. 'घराना' शब्द का बहुवचन रूप है

(A) घरानी (B) घरानों

(C) घराने (D) घरानियाँ ।

38. 'सदाचारी' शब्द का अन्य लिंग रूप है

(A) सदाचारि (B) सद्विचार

(C) दुदाचारी (D) सदाचारिणी ।

39. 'उचित' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है

(A) अउचित (B) उचिती

(C) औचित्य (D) उचित ।

40. 'गीता फूट-फूटकर रो रही है' रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि में क्या है ?

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) विशेषण (D) क्रिया विशेषण ।

41. 'मल्लाह' शब्द का समानार्थक शब्द है

(A) मल्ला (B) नायक

(C) नाविक (D) गायक ।

X. प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद से संबंधित पद लिखिए : $4 \times 1 = 4$

42. जगन्नाथ : व्यंजन संधि :: पर्वतावली : ........................................ ।

43. रीता गाना गा रही है : वर्तमान काल :: उषा हिन्दी पढ़ेगी : .................................. ।

44. जो कविताएँ लिखता है : कवि :: जो पढ़ा लिखा न हो : ................................ ।

45. वह मुझसे बड़ा है : विधिवाचक वाक्य :: वह मुझसे बड़ा नहीं है : ........................... ।

XI. मात्राएँ लगाकर छन्द का लक्षण बताइए : 3

46. क्षण में होय कमाल, गुस्सा ऐसा कीजिए ।
होय टमाटर लाल, जामुन सा मुखड़ा तुरत ।।

XII. अलंकार पहचानकर परिभाषा के साथ समझाइए : 3

47. पानी गये न ऊबरै, मोती मानुस चून ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



## विभाग "C"
## रचना - ( 13 अंक )

XIII. अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$

48. (a) घोड़े बेचकर सोना :

(b) कमर कसना :

XIV. 49. पत्र लेखन : 5

अपने जन्म दिवस के समारोह पर अपने मित्र को आह्वान देते हुए पत्र लिखिए ।

**अथवा**

मीराबाई और सूरदासजी की काव्य पुस्तकों को माँगते हुए 'गीत बुक हाउस' (पुस्तकालय) के प्रबंधक के नाम पत्र लिखिए ।

XV. निबंध लेखन : $1 \times 5 = 5$

50. किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

i) राष्ट्रीय त्योहार

ii) इन्टरनेट क्रांति

iii) आदर्श विद्यार्थी ।

www.careerindia.com

www.careerindia.com